Instructions Bulletin for the operation failure of the Month of June- July- 2024

No. IB/ETC/GZB/2023-24/14

1. - केस स्टडी -1

दिनांक	लोको न० / शेड	गाड़ी न०	मंडल
01.06.2024	30683/P-5/TKD	18104	लखनऊ
UOR/फेलियर विवरण	दिनांक : 01.06.2024 को लोको स० 30683/P-5/TKD गाड़ी स० 18104 को हुयी समयहानि के सम्बन्ध में।		
लोको पायलट द्वारा की गई कार्यवाही / ट्रबल शूटिंग	दिनांक : 01.06.2024 को लोको स० 30683/P-5/TKD गाड़ी स० 18104 का प्रस्थान KSF स्टेशन से समय 13:44 पर हुआ। समय 13:48 लोको पायलट ने रिपोर्ट किया की गाड़ी BP प्रेशर ड्राप होने के कारण एडवांस स्टार्टर सिगनल पास करके खड़ी हो गयी है तथा DDS पर फाल्ट मैसेज F1004P1 (Wrong configuration brake system) दर्शा रहा है। लोको पायलट द्वारा लोको को चैक करने पर सब कुछ सामान्य पाया गया जिसके बाद लोको एवं गाड़ी के बीच BP एंगल कॉक को बंद करने पर भी सफलता नहीं मिली। जिसके बाद TLC/LKO के परामर्श के अनुसार स्विच ZBAN को चैक करने पर "ऑन" अवस्था में पाया गया जिसको ऑफ करने के बाद MCE को रिसेट करने पर लोको नार्मल हो गया तत्पश्चात गाड़ी का प्रस्थान समय 14:04 पर हुआ।		
TSD के अनुसार ट्रबल शूटिंग / लोको पायलट द्वारा की जाने वाली कार्यवाही	गाड़ी कार्य करने के दौरान ड्राईवर डेस्क पर कोई भी अन्य यन्त्र जैसे बाल्टी, पानी की बोतल, टॉर्च तथा हैण्ड सिगनल इत्यादि न रखे साथ ही ड्राईवर डेस्क पर सभी सही स्विच का सन्य हालत में होना अत्यंय सुनिश्चित करे।		
लोको पायलट की गलत कार्य -	**लोको पायलट को तकनीकी जानकारी कम होने के कारण उपरोक्त गाड़ी को अनावश्यक समय हानि हुयी।**		

2. - केस स्टडी -2

दिनांक	लोको न० / शेड	गाड़ी न०	मंडल
23.06.2024	22252/P-4/TKD	25035	मुरादाबाद
UOR/फेलियर विवरण	दिनांक 23.06.2024 को LPM/DLI ने लोको संख्या 22252/TKD को हुयी समय हानि और लोको फेलियर के सम्बन्ध में।		
लोको पायलट द्वारा की गई कार्यवाही / ट्रबल शूटिंग	दिनांक 23.06.2024 को चालक दल ने लोको संख्या 22252/TKD का चार्ज DLI स्टेशन पर लिया और MB स्टेशन पर चार्ज लेने वाले आउटगोइंग चालक दल ने लोको का चार्ज लेने के बाद पाया कि RS HANDLE काम नहीं कर रहा है व जिस LEVER से वो जुड़ा है वो भी स्वतंत्र घूम रहा है तथा उसको ऑपरेट करने पर BP प्रेशर भी ड्राप नहीं हो रहा है। जिसके बाद क्रू ने TC/MB को सूचना दी व लोको चार्ज लेने से मना कर दिया। TC/MB ने लोको को FAIL घोषित किया तथा रिलीफ लोको की मांग की। रिलीफ लोको की मदद से गाड़ी संख्या 25035 का प्रस्थान हुआ जिसके कारण गाड़ी संख्या 25035 के साथ-साथ 15035 को (105" मिनट) समयहानि हुई।		
TSD के अनुसार ट्रबल शूटिंग / लोको पायलट द्वारा की जाने	RS इमरजेंसी वाल्व का सही प्रकार से कार्य करना संरक्षा की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। ➢ लोको का चार्ज लेते समय लोको की सही से जांच करनी चाहिए। ➢ RS हैंडल को ऑपरेट करके भी देखे कि BP प्रेशर गिर रहा है या नहीं।		

वाली कार्यवाही	➢ CNL को सही समय से सूचना देनी चाहिए ताकि रिलीफ लोको की जल्द से जल्द व्यवस्था करके विलंबन को कम से कम किया जा सके।
गलत कार्य -	RS हैंडल के कार्य को चैक न करना लोको क्रू की संरक्षा के प्रति लापरवाही को दर्शाता है। यदि लोको क्रू विशेषकर सहायक लोको पायलट द्वारा RS हैंडल की जांच की गयी होती तथा उसको ऑपरेट करके देखा गया तो होता गाड़ी संख्या 25035 के साथ-साथ 15035 की समयहानि को बचाया जा सकता था।

3. - केस स्टडी -3

दिनांक	लोको न० / शेड	गाड़ी न०	मंडल
01.07.2024	27107/KYN	PLPC/KDLP	दिल्ली
UOR/फेलियर विवरण	दिनांक 01.07.24 को गाड़ी संख्या PLPC/KDLP लोको संख्या 27107/KYN को DHZM तथा DPP सेक्शन के बीच BP प्रेशर ड्राप होने के कारण गाड़ी खड़ी हो होने के सम्बन्ध में।		
लोको पायलट द्वारा की गई कार्यवाही / ट्रबल शूटिंग	दिनांक 01.07.24 को गाड़ी संख्या PLPC/KDLP लोको संख्या 27107/KYN को DHZM तथा DPP सेक्शन के बीच BP प्रेशर ड्राप होने के कारण गाड़ी खड़ी हो गयी। परन्तु माइक्रोप्रोसेसर की स्क्रीन पर कोई दोष प्रदर्शित नहीं हुआ। लोको पायलट द्वारा जाँच करने पर IP वाल्व से तेज गति से BP प्रेशर को ड्राप होते हुए देखा जिसके बाद IP कॉक बंद करने के बाद BP प्रेशर पुन: बन गया। तत्पश्चात लोको में नाच नहीं आने के कारण लोको पायलट द्वारा पिछली कैब से ब्लाक सेक्शन क्लियर किया गया। जिसके बाद TC/NDLS के आदेशानुसार लोको को डेड किया गया जिससे बाद सफलता मिलने पर लोको सामान्य हो गया और गाड़ी का प्रस्थान हुआ।		
TSD के अनुसार ट्रबल शूटिंग / लोको पायलट द्वारा की जाने वाली कार्यवाही	9.0 VCD के ओपरेट होने पर की जाने वाली कार्यवाही: - 1. A-9 हैंडल को इमरजेंसी पोजीशन पर रखे। 2. पैनल्टी ब्रेक' लगने के पश्चात एक LED फ्लैश होने लगती है MP को '0' पर रखकर 32 सेकंड इंतजार करके रिसेट बटन दबायें जिस से VCD रिसेट हो जायेगी। 3. यदि BP प्रेशर पूरा न हो तो IP कॉक को बंद करके BP पूरा करें तथा IP कॉक को खोलकर गाड़ी काम करें। 4. इस यूनिट को आइसोलेट करने के लिए एक स्विच HVCD लगाया गया है। इस स्विच की '0' तथा '1' दो पोजीशन हैं। यदि VCD यूनिट में कोई खराबी आ जाती है तो इस यूनिट को आइसोलेट करने के लिए स्विच शून्य पर कर दें, जिस से मेन पैनल पर लगी LED बुझ जायेगी। नोट:- इस यूनिट को आइसोलेट करने के बाद Log Bookमें लिखें व TLC को सूचित करें।		
गलत कार्य -	जांच करने पर पता चला की लोको पायलट द्वारा VCD को एक्नालेज न करने के कारण VCD एक्टिवेट हो गयी और अनावश्यक समय्हानी हुयी।		

4. - केस स्टडी -4

दिनांक	लोको न० / शेड	गाड़ी न०	मंडल
04.07.24	28150/ KJGY	PCRG	दिल्ली
UOR/फेलियर विवरण	दिनांक: 04.07.24 को गाड़ी स० PCRG लोको स० 28150/ KJGY को हुयी समय्हानी के सम्बन्ध में I		
लोको पायलट द्वारा की गई कार्यवाही / ट्रबल शूटिंग	दिनांक: 04.07.24 को गाड़ी स० PCRG लोको स० 28150/ KJGY दिल्ली स्टेशन से पास होने के उपरांत DUFFRIN ब्रिज न्यूट्रल सेक्शन के DJ ओपन बोर्ड पर VCB खोलते ही गाड़ी खड़ी हो गयी I परन्तु अगला पैंटो OHE के नीचे था जिसे रेज करके लोड को क्लियर किया गया I लेकिन अगले न्यूट्रल सेक्शन तक पहुचते समय अधिकतम गति 9 kmph तक ही हो पायी और DJ ओपन बोर्ड पर VCB खोलते ही लोको न्यूट्रल सेक्शन के नीचे फिर खड़ा हो गया I		
TSD के अनुसार ट्रबल शूटिंग / लोको पायलट द्वारा की जाने वाली कार्यवाही	.....		
गलत कार्य -	जाँच करने पर पता चला की उपरोक्त गाड़ी की रोलिंग पॉवर कमजोर थी साथ ही लोको पायलट की ड्राइविंग तकनीक अच्छी न होने के कारण उपरोक्त गाड़ी को अनावश्यक समयहानि हुयी I		

5. - केस स्टडी -5

दिनांक	लोको न० / शेड	गाड़ी न०	मंडल
16.07.24	39236/BRC	13484	दिल्ली
UOR/फेलियर विवरण	दिनांक: 16.07.24 को गाड़ी स० 13484 लोको स० 39236/BRC को हुयी समयहानि के सम्बन्ध में I		
लोको पायलट द्वारा की गई कार्यवाही / ट्रबल शूटिंग	दिनांक: 16.07.24 को गाड़ी स० 13484 लोको स० 39236/BRC का चार्ज जाने वाले लोको पायलट ने लिया और जाँच करने पर पाया की व्हील स० 12 के वर्टीकल डैम्पर के उपरी दोनों बोल्ट गायब है जिसकी सूचना TC/NDLS को दी गयी I जिसके बाद मेंटेनेंस staff द्वारा लोको को अटेंड किया गया I जिसमे समय की काफी हानि हुयी और गाड़ी को Punctuality में आई I		
TSD के अनुसार ट्रबल शूटिंग / लोको पायलट द्वारा की जाने वाली कार्यवाही	हॉल्ट पर इंजन कर्मी दल द्वारा कार्यवाही - 1. सुनिश्चित करें कि लोको ब्रेक लगा दिए गए हैं। 2. सुनिश्चित करें कि फाउलिंग मार्क क्लियर है। 3. इंजन को कर्मचारी रहित (अनमेंड) कभी न छोडे। 4. अपने सहायक लोको पायलट को मेन रिजर्वायर / CDC से नमी निकालने, एक्सल बॉक्स के तापमान की जांच करने, अंडर फ्रेम को देखने, इंजन तथा लोड के बीच CBC के उचित ढंग से कसा होना और CBC को उचित ढंग से फिट किया गया है - इसकी जांच करने के लिए भेजे।		
गलत कार्य -	स्पष्ट है की इन्कमिंग लोको क्रू ने हाल्ट या ठहराव वाले स्टेशन पर अंडरफ्रेम की जाँच नहीं की , जो की उनके द्वारा की गयी लापरवाही को दर्शाता है I		

6. - केस स्टडी -6

दिनांक	लोको न० / शेड	गाड़ी न०	मंडल
23.07.24	30353/GZB	22429	दिल्ली
UOR/फेलियर विवरण	दिनांक: 23.07.24 को गाड़ी स० 22429 लोको स० 30353/GZB में संरक्षा के प्रति लापरवाही बरतने के सम्बन्ध में I		

लोको पायलट द्वारा की गई कार्यवाही / ट्रबल शूटिंग	दिनांक: 23.07.24को गाड़ी स० 22429 लोको स० 30353/GZB का चार्ज जाने वाले चालक दल द्वारा लेने के बाद जाँच में पाया की व्हील न० 1 का प्राइमरी हेलिकल स्प्रिंग टूटी हुयी है। जिसकी सूचना तुरंत TC/NDLS को दी गयी। जिसके बाद आउट पिट से दुसरे लोको को शेड आउट किया गया। जिसके बाद आगे गाड़ी कार्य किया जा सका।
TSD के अनुसार ट्रबल शूटिंग / लोको पायलट द्वारा की जाने वाली कार्यवाही	<u>विद्युत इंजन तैयार करना</u> :-पायलट तथा सहायक लोको पायलट द्वारा शेड यार्ड रोड साइड स्टेशन से चार्ज लेते समय इंजन को तैयार करना- 1 शेड कर्मचारी /TFR से इंजन लॉग बुक तथा इंजन चाबियाँ प्राप्त करेगा। 2 इंजन लॉग बुक को पढे तथा उसमें लिखे बुकिंग अनुदेशो को नोट करें। 3 सुनिश्चित करें कि इंजन OHE के नीचे खड़ा है और हैण्ड ब्रेक तथा लकड़ी के गुटको से सुरक्षित किया गया है एवं लोको के अन्डर ट्रक तथा सुपर स्ट्रक्चर की में लगे पार्टस एवं आयल की जॉच करें ।  लोको को इनरजाइज करना - 1. सुनिश्चित करें कि A9, SA-9 के कॉक नॉन- ड्रायव्हींग कैब में बंद तथा ड्रायव्हींग कैब में खुली स्थिति में है। 2. सुनिश्चित करें कि L&T कॉक (BP चार्जिग) कॉक खुली स्थिति में है। 3. सुनिश्चित करें कि MU2B लीड स्थिति में हे। 4. कैब 2 में प्रवेश करें और HBA को 1 पर रखे और ZUBA को नवाकर UBA में 110 V होना सुनिश्चित करें। 5. कैब 1 में प्रवेश करें। ZCPA को 1 पर ऑपरेट करें, MCPA चालू हो जायेगा और ER प्रेशर 8 kg/cm^2 तक बनायें। अब ZCPA को 0 पर ऑपरेट करें। 6. BL key को अनलॉक करें और LSDJ, LSCHBA, LSGR और LSB का जलना सुनिश्चित करें। 7. ZPT key को सॉकेट में लगाएं और तत्पश्चात पिछला पैंटो उठायें। 8. DJ बंद करने के लिए BLDJ को क्लोज करे और BLRDJ को दबाएं। LSDJ का बुझना, UA के डेविएट होने को सुनिश्चित करें तथा LSCHBA के बुझने या 4 सेकंड बाद, जो पहले हो, BLRDJ छोड़ दे। 9. अब लोको इनरजाईज हो गया है। 10. BLCP को ऑन करे और MCP का चालू होना सुनिश्चित करें। MR प्रेशर 9.5 kg/cm^2 तक बनाएं। 11. MCP के 8.0 से 9.5 kg/cm^2 के बीच अपने आप कट इन और कट आउट होना सुनिश्चित करें। 12. सुनिश्चित करें कि BP प्रेशर 5 kg/cm^2 तथा डयुअल ब्रेक लोको में HS-4 वॉल्व का प्रेशर 1.4 से 1.7 kg/cm^2 तक बना है। 13. SA-9 द्वारा इंजन ब्रेक लगाएं और सुनिश्चित करें कि इंजन ब्रेक लगते है और BC गेज की रीडिग 3.0 kg/cm^2 है। 14. BLPV को ऑन करे (यदि आवश्यक हो) और अपेक्षित मात्रा तक वैक्यूम के बनने को सुनिश्चित करें। 15. BLVMT को ऑन करें और 5 - 5 सेकंड के अंतराल के साथ MVRH, MVMT1-2 का चालू होना सुनिश्चित करें। नोट - SI युनिट लोको में ऑफ लोड तीनो ब्लोअर के कांटेक्टर का एक साथ लगना सुनिश्चित करें। 16. सभी सहायक उपकरण कार्यरत है इसकी जांच करे।
गलत कार्य -	शेड से लोको बाहर निकालते समय लोको पायलट शंटर द्वारा अंडरफ्रेम की जाँच ठीक प्रकार से नहीं की गयी जो की साफ़ तौर पर संरक्षा के प्रति लापरवाही को दर्शाता है।

(श्री [illegible] कुमार)
मुख्य लोको निरीक्षक
वि.प्र.के./गा.बाद

सरताश

(सरताश कुमार)

(प्रधानाचार्य/वि.प्र.के./गा.बाद.)

पत्र सं० 232-विद्युत/वि.प्र.के./ट्रेनिंग-1 दिनांक – 24.08.2024

प्रतिलिपि :-

1. मुख्य विद्युत लोको अभियंता/उत्तर रेलवे, बडौदा हाऊस, नई दिल्ली- सादर सूचनार्थ।
2. मुख्य विद्युत अभियंता/मोबिलिटी, उत्तर रेलवे, बडौदा हाऊस, नई दिल्ली- सादर सूचनार्थ।
3. वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/परिचालन/नई दिल्ली, लखनऊ - सादर सूचनार्थ व आवश्यक कार्यवाही हेतू।
4. वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/कर्षण वितरण/मुरादाबाद, फिरोजपुर, अंबाला- सादर सूचनार्थ व आवश्यक कार्यवाही हेतू।